# कक्षा : दसवीं
# विषय हिन्दी (मुख्य)

अंकों की विभाजन प्रक्रियाः–

खंड – : 'क', 'ख', 'ग', 'घ', पूर्णांक = 80

प्र2 क से अपठित गद्यांश : 2 + 2 + 2 + 2 + 2 = 10

## खंड 'ख'

व्यावहारिक व्याकरण : 20

2 से 6 प्रश्न तक

## खंड 'ग'

पाठ्यपुस्तक से

प्र 7 से 10 प्र तक – 24

## खंड 'घ'

प्र 11 – निबंध = 08

12 – पत्र = 06

13 – वस्तुनिष्ठ प्रश्न = 10

14 – (संज्ञा) वैकल्पिक प्रश्न = 2 26

कुल = 80

# आदर्श प्रश्न पत्र
# कक्षाः दसवीं

**विषय : हिन्दी** **पूर्णांक : 80**

**निर्धारित अवधि : 3 घण्टे**

## सामान्य निर्देश

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए।**

(i) **प्रश्न–पत्र चार खण्डों में विभाजित किया गया है....क, ख, ग, घ। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

(ii) **खण्ड क** में प्रश्न अपठित गद्यांश पर आधारित हैं।

(iii) **खण्ड ख** में प्रश्न संख्या 2 से 6 तक प्रश्न व्याकरण के हैं।

(iv) **खण्ड ग** में प्रश्न संख्या 7 से 10 तक प्रश्न पाठ्यपुस्तक से हैं।

(v) **खण्ड घ** में प्रश्न संख्या 11 से 14 तक प्रश्न रचनात्मक लेखन के हैं।

## खण्ड–क

प्र1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

हँसी शरीर के स्वास्थ्य का संदेश देने वाली है। वह एक साथ मन और शरीर को प्रसन्न करती है। पाचन शक्ति बढ़ाती है, रक्त का संचालन करती है और अधिक पसीना लाती है। हँसी एक शक्तिशाली दवा है। एक डाक्टर के अनुसार हँसी जीवन की मीठी दवा है। आनंद से बढ़कर बहुमूल्य वस्तु मनुष्य के पास और नहीं है। 'कारलाइल' एक राजकुमार था। वह कहता है कि जो जी से हँसता है, वह कभी बुरा नहीं होता। जी से हँसो, तुम्हें अच्छा लगेगा। अपने मित्र को हँसाओ, वह अधिक प्रसन्न होगा। शत्रु को हँसाओ, तुमसे कम घृणा करेगा। एक अनजान को हँसाओ,

तुम पर भरोसा करेगा। उदास को हँसाओ, उसका दुख घटेगा। एक बालक को हँसाओ, उसके स्वास्थ्य में वृद्धि होगी, वह प्रसन्न और प्यारा बालक बनेगा। कष्टों में और चिंताओं में एक सुंदर हँसी, बड़ी प्यारी वस्तु भगवान ने दी है।

क) 'हँसी' से विशेषण बनेगा : 2

i) हँसी

ii) हँसना

iii) हँसमुख

iv) हँसता

ख) 'कारलाइल' कौन था ? 2

i) अध्यापक

ii) फूल बेचने वाला

iii) लोगों को हँसाने वाला

iv) राजकुमार

ग) 'प्रसन्न' की भाववाचक संज्ञा कौन–सी है? 2

i) प्रशंसनीय

ii) प्रसन्नतापूर्वक

iii) प्रसन्नता

iv) इनमें से कोई नहीं।

घ) मनुष्य के पास सबसे अनमोल वस्तु है : 2

i) बुद्धि

ii) धन

iii) हँसी

iv) बल

ङ) उपर्युक्त गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 2

## खण्ड–ख

प्र2. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए :

निम्नलिखित किन्ही चार रेखांकित वाक्यों में दिए गए 'पदबंध' का सही विकल्प छाँटिए : 1x4=4

क) प्यास का मारा कौआ घड़े पर बैठ गया।

(i) संज्ञा

(ii) सर्वनाम

(iii) क्रिया

(iv) विशेषण

ख) नदी कल–कल करती हुई बह रही है।

(i) संज्ञा

(ii) सर्वनाम

(iii) क्रिया विशेषण

(iv) क्रिया

ग) सत्य की सदा जीत होती है।

(i) संबंध कारक

(ii) भाववाचक संज्ञा

(iii) बहुवचन

(iv) एकवचन

घ) मेरा बड़ा बेटा पेरिस जा रहा है।

(i) क्रिया विशेषण पदबंध

(ii) संज्ञा पदबंध

(iii) सर्वनाम पदबंध

(iv) विशेषण पदबंध

प्र3. निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर लिखिए : 1x4=4

क) तुलसीदास जी ने कहा है कि विनाशकाल में मनुष्य की बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है।

i) संयुक्त वाक्य

ii) सरल वाक्य

iii) मिश्र वाक्य

iv) इनमें से कोई नहीं

ख) आज बहुत पानी गिरा।

i) संयुक्त वाक्य

ii) सरल वाक्य

iii) मिश्र वाक्य

iv) इनमें से कोई नहीं

ग) मज़दूर मेहनत करता है किन्तु उसके लाभ से वंचित रहता है।

i) मिश्र वाक्य

ii) संयुक्त वाक्य

iii) सरल वाक्य

iv) इनमें से कोई नहीं

घ) राजनीति अब एक व्यवसाय बनती जा रही है जो गुंडागिरी के बल पर चलती है।

i) मिश्र वाक्य

ii) संयुक्त वाक्य

iii) सरल वाक्य

iv) इनमें से कोई नहीं

प्र4. क) समास का शाब्दिक अर्थ क्या होता है : 1x4=4

i) संक्षेप

ii) विस्तार

iii) विग्रह

iv) विच्छेद

ख) जितेन्द्रिय में कौन–सा समास है :

i) द्वंद

ii) बहुब्रीहि

iii) तत्पुरुष

iv) कर्मधारय

ग) निम्न में कौन–सा पद अव्ययीभाव समास है ?

i) गृहगत

ii) मृगनयनी

iii) प्रतिदिन

iv) कुमारी

घ) देशांतर में कौन–सा समास है ?

i) द्वंद

ii) बहुब्रीहि

iii) तत्पुरुष

iv) कर्मधारय

प्र5. अलंकार छाँटिए : 1x2=2

क) रति सम रमणीय मूर्ति राधा की।

i) अनुप्रास

ii) रूपक

iii) यमक

iv) उपमा

अथवा

पंखुरी लगे गुलाब की परिहै गात खरोत।

i) उपमा

ii) अनुप्रास

iii) यमक

iv) इनमें से कोई नहीं

ख) छंद बताऐं : 1x2=2

कनक–कनक ते कीमती, मादकता अधिकाय।

या खाय बौराय जग, या जाए बौराय।।

i) कवित्त

ii) सवैया

iii) सोरठा

iv) दोहा

अथवा

रघुकुल रीत सदा चली आई

प्राण जाए पर वचन न जाई।।

i) सोरठा

ii) दोहा

iii) चौपाई

iv) कवित्त

प्र6. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए : 1

क) उचित मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति करें :

पुलिस की .......................... चोर भाग गया।

i) नज़र बचाकर जाना

ii) आँखों में धूल झोंककर

iii) पास ना फटकना

iv) दबे पाँव जाना

ख) सन्धि विच्छेद करें : (कोई दो) ½ x 2=1

क) मनोबल

i) मनो + बल

ii) मनस् + बल

iii) मनः + बल

iv) इनमें से कोई नहीं

ख) धर्मात्मा

i) धर्मा + तमा

ii) धर्म + आत्मा

iii) धर्मा + आत्मा

iv) इनमें से कोई नहीं

ग) वधूत्सव :

i) वधू + उत्सव

ii) वधु + उत्सव

iii) वधूत + सव

iv) इनमें से कोई नहीं

ग) वाक्यों में आई क्रियाओं के नाम पहचानें : 1

बच्चे गेंद खेल रहे हैं।

i) अकर्मक

ii) सकर्मक

iii) द्विकर्मक

iv) प्रेरणार्थक

घ) 'विद्वान' शब्द का विलोम है : ½

i) विदुषी

ii) मूर्ख

iii) मंदबुद्धि

ङ) कौन–सा शब्द 'सु' उपसर्ग लगाकर नहीं बनता है : ½

i) सुकर्म

ii) बेगाना

## खण्ड–ग (पाठ्यपुस्तक)

प्र7. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखें:

1 x 4=4

एक डोर में सबको जो है बाँधती,

वह हिन्दी है,

हर भाषा को सगी बहन जो मानती

वह हिन्दी है,

भरी पूरी हो सभी बोलियां

यही कामना हिन्दी है।

गहरी हो पहचान आपसी

यही साधना हिन्दी है।

सौत विदेशी रहे न रानी

यही भावना हिन्दी है।

तत्सम, तदभव, देश–विदेशी

सब रंगों को अपनाती

जैसे आप बोलना चाहे

वही मधुर, वह मनभाती

नए अर्थ के रूप धारती

हर प्रदेश की माटी पर

'खाली–पीली' बोम मारती

बंबई की चौपाटी पर

चौरंगी से चली नवेली

प्रीति पियासी हिन्दी है

बहुत–बहुत तुम हमको लगती

भालो–बाशी हिन्दी है।

क) कवि के अनुसार हिन्दी किस कामना का नाम है ?

i) दूसरी भाषाओं से घृणा करना

ii) तत्सम शब्दों को अपनाना

iii) भरी पूरी हों सभी बोलियाँ

iv) इनमें से कोई नहीं।

ख) हिन्दी की सौत किस भाषा को कहा गया है ?

i) रूसी

ii) जापानी

iii) अंग्रेज़ी

iv) बंगला

ग) 'भालो–बाशी' का क्या अर्थ है ?

i) सुन्दर

ii) तीर–कमान

iii) बहुत भली

iv) भाषा

घ) रिक्त स्थानों की पूर्ति करें :

................................ पियासी हिन्दी है।

प्र8. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखें :

1x4=4

विश्व में मनुष्य जहाँ भी रहता है, वहाँ अपनी भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने के लिए विभिन्न ललित कलाओं को माध्यम बनाता है। ललित

कलाएँ पाँच हैं : साहित्य कला, संगीत कला, चित्रकला, मूर्तिकला तथा नृत्यकला। महामुनि कपिल कहते हैं :

साहित्य संगीत कला विहीन :

साक्षात पशु–पुच्छ–विषाण हीन :

अर्थात् वह व्यक्ति जो साहित्य संगीत, नृत्यादि आदि कलाओं को नहीं जानता वह बिना सींगों तथा पूँछ के पशु है। इससे स्पष्ट है कि कला जानने वाला ही मनुष्य कहलाने का अधिकारी है। चित्रकला एक श्रेष्ठ कला है। उसको देखकर परखा जा सकता है। चित्र देखने में सरल होता है और सामान्यता हर व्यक्ति देखकर (किसी सीमा तक समझ सकता है।) उदाहरण के तौर पर विविध भाषाओं में 'पक्षी' 'तामर' 'परिन्दा' लिख दिया जाए, तो ये नाम तो आदमी पढ़ सकता है, जो वह भाषा जानता हो, परन्तु इन सबके स्थान पर यदि एक पक्षी का चित्र बना दिया जाए तो सभी समझ सकते हैं कि पक्षी बना है। इसी कारण चित्रकला को विश्व–व्यापी भाषा भी कहा जाता है।

प्र.1 ललित कलाएँ कितने प्रकार की हैं ?

क) चार ख) पाँच ग) तीन घ) इनमें से कोई नहीं

प्र2. मानव की प्राचीनतम लिपि कौन–सी है ?

क) रोमन लिपि ख) चित्र लिपि

ग) फारसी लिपि घ) इनमें से कोई नहीं

प्र3. विश्व व्यापी भाषा किसे कहा जाता है ?

प्र4. कौन मनुष्य कहलाने का अधिकारी है ?

प्र9. क) निम्नलिखित में किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 30–40 शब्दों में लिखें :

2x2=4

क) कबीर के अनुसार मनुष्य कैसे ईश्वर को प्राप्त कर सकता है ?

ख) छाया भी कब छाया को ढूंढने लगती है?

ग) कवि ने भारत को 'हिमालय का आँगन' क्यों कहा है ?

ख) निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 30–40 शब्दों में लिखें :

2x2=4

क) हिन्दी हमारे देश की राष्ट्रभाषा क्यों बन गई ?

ख) कुल कितने बाँड पात्थरों की परम्परा चल रही है ?

ग) 'हरिहर काका' के लेखक का नाम बताएँ।

प्र10. हिन्दी साहित्य का इतिहास :

प्र1. हिन्दी कविता का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 3

प्र2. भक्ति कालीन कविता की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए। 2

प्र3. उपन्यास और कहानी में क्या अंतर है ? स्पष्ट करें। 3

## खण्ड–घ

प्र11. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए : 8

- शिक्षा में खेल कूद का महत्त्व
- शिक्षा और खेल का संबंध

- दोनों की आवश्यकता

ख) प्लास्टिक मुक्त भारत

- हानियाँ
- विकल्प क्या हो
- किए जा रहे प्रयास

ग) परीक्षा प्रणाली और नकल की समस्या

- वर्तमान परीक्षा प्रणाली
- नकल की प्रवृत्ति
- दुष्परिणाम

प्र12. बीमारी के कारण परीक्षा न दे सकने पर प्रधानाचार्य को चिकित्सा अवकाश के लिए आवेदन पत्र लिखिए। (शब्द सीमा 80–100) 6

अथवा

गत दिनों से आपके क्षेत्र में अपराध बढ़ने लगे हैं। उनकी रोकथाम के लिए थानाध्यक्ष को पत्र लिखिए।

प्र13. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 1x10=10

1. कबीर का जन्म कहाँ हुआ ?

क) बनारस ख) काशी ग) दिल्ली घ) इनमें से कोई नहीं

2. 'भिक्षुक' कविता किस काल की रचना है?

क) भक्ति काल ख) वीरगाथा काल

ग) रीति काल घ) आधुनिक काल

3. 'मुराड़ा' का अर्थ स्पष्ट करें :

क) जलती लकड़ी ख) कोयला

ग) अंगीठी घ) हीटर

4. 'बिहारी लाल' को किस काल का कवि माना जाता है?

क) आधुनिक काल ख) भक्ति काल

ग) रीति काल घ) इनमें से कोई नहीं

5. उच्च वर्ग की प्रिय भाषा–कौन सी है?

क) फारसी ख) जापानी ग) अंग्रेज़ी घ) हिन्दी

6. किस कवयित्री को आधुनिक काल की मीरा बाई माना जाता है?

क) सुभद्रा कुमारी चौहान ख) मीरा बाई

ग) महादेवी वर्मा घ) इनमें से कोई नहीं

7. 'कैकेयी का अनुताप' किस महाकाव्य का अंश है?

क) रामचरितमानस ख) पद्मावत

ग) साकेत घ) इनमें से कोई नहीं

8. 'हिन्दी साहित्य' को कितने कालों में बाँटा गया है ?

क) सात ख) आठ ग) दो घ) चार

9. सत्रहवीं शताब्दी में 'बसोहली' पर किस राजा का राज्य था ?

क) राजा कृपाल सिंह ख) राजा रणबीर सिंह

ग) महाराजा रणजीत सिंह घ) इनमें से कोई नहीं

10. 'अनामिका' के कवि का नाम :

क) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ख) सुमित्रानंदन पंत

ग) गिरिजा कुमार माथुर घ) जयशंकर प्रसाद

प्र14. भाववाचक संज्ञा और विशेषण का अन्तर स्पष्ट करते हुए उदाहरण दें। 2